हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 18 मई 2026

तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

10 पेट्रोल-डीजल की किल्लत और महंगाई के खिलाफ...



12 नवागांव में चंपारण परिक्षेत्र साहू समाज की बैठक...





सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण
शरद कम्प्यूटर एजुकेशन, राजिम
Tally Prime, ERP- 9 With GST, MS Office, फ़ोटो शॉप, पेजमेकर, ग्राफिक्स डिजाइन
यूनिवर्सिटी कोर्स DCA , PGDCA छात्रवृत्ति सुविधा।
रेगुलर एवं प्राइवेट कोर्स छात्रवृत्ति सुविधाएं के साथ उपलब्ध।
पता : नवीन भवन यादव ठेठवार समाज बस स्टेण्ड के पास - राजिम, मो - 98261- 96073



# मैनपुर-देवभोग क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल का भारी संकट, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर-देवभोग क्षेत्र में इन दिनों ईंधन (पेट्रोल और डीजल) की भारी किल्लत के कारण आम जनता और किसानों में त्राहि-त्राहि मची हुई है। एक तरफ जहां खाद्य विभाग और प्रशासनिक अफसर दावों में पर्याप्त स्टॉक होने की बात कह रहे हैं, वहीं जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। क्षेत्र के लोग बूंद-बूंद ईंधन के लिए तरस रहे हैं। मैनपुर नगर मुख्यालय में कुल दो पेट्रोल पंप संचालित हैं। इनमें से एक पेट्रोल पंप पिछले चार-पांच दिनों से पूरी तरह 'ड्राई' (ईंधन खत्म) पड़ा हुआ है। वहीं, दूसरे पेट्रोल पंप पर जैसे ही टैंकर पहुंचता है, कुछ ही घंटों में स्टॉक खत्म हो जा रहा है। इसके चलते सुबह से ही पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें और भारी भीड़ देखने को मिल रही है। खरीफ फसल का सीजन शुरू हो चुका है। हाल ही में हुई बारिश के बाद किसानों ने खेतों की जुताई का काम शुरू कर दिया है, जिसके लिए ट्रैक्टरों में डीजल की सख्त जरूरत है। लेकिन प्रशासन के कुछ नियमों ने वनांचल क्षेत्र के लोगों की मुसीबत और बढ़ा दी है।

**खेती-किसानी कार्य पूरी तरह प्रभावित-** डीजल की इस भयंकर किल्लत के कारण कृषि कार्य पूरी तरह ठप होने की कगार पर पहुंच गया है। यदि समय रहते मैनपुर, देवभोग और अमलीपदर क्षेत्र में ईंधन की सुचारू आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो किसानों की बोआई में देरी होगी जिसका सीधा असर आगामी फसल चक्र पर पड़ेगा।

## पेट्रोल पंपों के हालातः एक बंद, दूसरे में आते ही खत्म हो रहा स्टॉक



### जरीकेन और डिब्बों पर रोक

जिला प्रशासन द्वारा खुले में, जरीकेन या डिब्बों में पेट्रोल-डीजल देने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। मैनपुर क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से काफी बड़ा है। गौरगांव, कुचेंगा, भूतबेड़ा, इंदागांव, तौरेंगा, कोयबा और जांगड़ा जैसे गांव मैनपुर मुख्यालय से लगभग 40 से 50 किलोमीटर की दूरी पर हैं। दूर-दराज से आने वाले किसानों के ट्रैक्टरों में मात्र 1000 रुपये का डीजल देने का आदेश जारी है। किसानों का कहना है कि 40-50 किमी दूर से ट्रैक्टर लेकर आने-जाने में ही 1000 रुपये से अधिक का डीजल जल जाता है। ऐसे में खेतों की जुताई के लिए डीजल बचा पाना असंभव हो रहा है।

**मांग :** नदी किनारे बसे सैकड़ों गांवों में जल संकट, ग्रामीणों ने जल्द पानी छोड़ने की उठाई मांग

# सिकासार बांध में 46% पानी फिर भी नदी सूखी निस्तारी पानी के लिए तरस रहे सैकड़ों गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भीषण गर्मी और नौतपा की आहट के बीच गरियाबंद जिले की जीवनदायिनी मानी जाने वाली पैरी नदी इन दिनों पूरी तरह से रेगिस्तान का रूप ले चुकी है। जहाँ कभी कल-कल बहती जलधारा ग्रामीणों, मवेशियों और वन्य-जीवों की प्यास बुझाती थी, वहाँ अब दूर-दूर तक केवल तपती रेत और धूल का गुबार ही नजर आ रहा है। नदी में पानी की धार महीनों पहले ही टूट चुकी है और हालात इतने भयावह हैं कि कई स्थानों पर चुल्लू भर पानी भी नसीब नहीं हो रहा है। पैरी नदी के तटीय इलाकों में बसे सैकड़ों गांवों के लोग इन दिनों गंभीर निस्तारी संकट से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों को सुबह उठते ही नहाने-धोने, कपड़े साफ करने और सबसे बढ़कर अपने मवेशियों को पानी पिलाने जैसी दैनिक और अनिवार्य जरूरतों के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। नदी के सूख जाने से न केवल ग्रामीणों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हुई है, बल्कि बेजुबान मवेशी और प्यासे वन्य जीव भी पानी की तलाश में तड़पते हुए बस्तियों की ओर रुख करने को मजबूर हैं।



### सिंचाई विभाग के आंकड़ों से खुला राज

विभागीय रिकॉर्ड के अनुसार, इस भीषण गर्मी के बावजूद सीकासार जलाशय में अभी भी 46 प्रतिशत पानी का विशाल स्टॉक सुरक्षित उपलब्ध है। ऐसे में पैरी नदी किनारे बसे लाखों ग्रामीणों के मन में यह तीखा सवाल उठ रहा है कि जब जलाशय में पर्याप्त पानी मौजूद है, तो आखिर किस लापरवाही या आदेश के इंतजार में नदी में पानी नहीं छोड़ा जा रहा है? पानी को बांध में रोककर जनता को प्यासा मारना कहाँ का न्याय है?

### सिंचाई विभाग की बड़ी लापरवाहीः बांध में पानी है, फिर भी नदी प्यासी

इस पूरे संकट में सबसे हैरान और आक्रोशित करने वाली बात सिंचाई विभाग की उदासीनता है। हर वर्ष भीषण गर्मी के दौर में ग्रामीणों की मांग पर सीकासार बांध से पैरी नदी में निस्तारी (घरेलू उपयोग और मवेशियों) के लिए पानी छोड़ा जाता था, जिससे तटीय गांवों का वाटर लेवल (भूजल स्तर) भी बना रहता था।

# जतमई मोड पर सरकारी भवन से टकराई बाइक, एक की मौत, दो की हालत गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांडुका

प्रदेश के प्रसिद्ध जतमई मंदिर के पास भंडारा जाने वाले मोड पर गाय डबरी तरफ से आ रहे एक मोटरसाइकिल में सवार तीन युवक दुर्घटना का शिकार हो गए जिसमें एक युवक की मौके पर मौत हो गई व दो अन्य की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी अनुसार बाइक चालक मोड़ को समझ नहीं पाए मोड़ के पास बने एक सरकारी भवन में जा टकराया जिस पर मोटरसाइकिल के बीच में बैठे युवक की मौत हो गई व सामने चला रहे और पीछे बैठे युवक की हालत गंभीर बता रहे है। घटना लगभग 5 बजे की बताई जा रही है जिसमें एक युवक पंक्तियां ग्राम का और दो युवक तुम गांव निवासी बताया जा रहा है। मौके पर पुलिस को जानकारी दी गई जो दुर्घटनाग्रस्त युवकों को लेकर छुरा गए है। राहगीरों कि माने तो इस मोड पर ऐसे कई हादसे हुए हैं। यह मोड काफी खतरनाक है हालांकि वहां पर बेरीकेट लगे रहते हैं। फिर भी दुर्घटना रुकने का नाम नहीं ले रहा। भंडारा कक्ष से होकर जतमई माता मंदिर जाने वाला यह मोड काफी खतरनाक है। कई दुर्घटनाएं हो चुकी है और कई राहगीर अपनी जान गवा चुके हैं। सड़क निर्माण करने वाले कंपनी ने ▶▶|शेष पेज 10 पर

# उरमाल सरगीगुड़ा मार्ग पर टैक्टर ट्राली पलटी, चालक ने कूदकर बचाई जान



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखंड के उरमाल और सरगीगुड़ा मार्ग पर आज सुबह एक बड़ी दुर्घटना टली किसान द्वारा खेत मे धान मिजाई करने के बाद धान को टैक्टर मे लादकर घर ले जा रहा था कि अनियंत्रित टैक्टर पलट गई जिससे सड़क में कुछ समय के लिए जाम लग गया। वहीं चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई।

# धूप के बीच अचानक गिरी आसमानी बिजली, बाल-बाल बचा ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ग्राम मोंगरा के डुमरपारा में उस वक्त एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब कड़कड़ाती धूप और अचानक बदले मौसम के बीच एक घर के समीप आसमानी बिजली (गाज) गिर गई। मिली जानकारी के अनुसार, डुमरपारा निवासी बुड़राम के घर के ठीक पास स्थित एक विशाल बीजा (विजयसार) के पेड़ पर अचानक जोरदार कड़कड़ाहट के साथ बिजली गिरी। बिजली का झटका इतना जबरदस्त था कि हरा-भरा बीजा का पेड़ पूरी तरह से झुलस गया और उसकी छाल उखड़कर दूर जा गिरी। जिस वक्त यह घटना हुई, बुड़राम अपने घर के पास ही मौजूद थे। बिजली गिरने की भयावह आवाज और चमक से पूरा इलाका दहल उठा। गनीमत यह रही कि आकाशीय बिजली सीधे घर या किसी व्यक्ति पर न गिरकर पेड़ पर गिरी, ▶▶|शेष पेज 10 पर



भजन संगीत में श्रद्धालु जम कर झूमते रहे

# मोहमाया जीवन में दुख और विनाश का कारण बनता है : युवराज पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

देवभोग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर मैदान में विगत 11 मई से भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कपिल ठाकुर परिवार द्वारा यह आयोजन में राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित युवराज पांडेय के मुखरविन्द से कथा वाचन किया जा रहा है। आयोजन 17 मई तक चलेगा कथा सुनने रोजाना हजारो श्रद्धालुओ की भीड़ मंच पर उमड़ रही है। कथावाचक युवराज पांडेय ने भक्त प्रहलाद प्रसंग की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि असुर पुत्र होने के बावजूद प्रह्लाद ने जैसा ज्ञान अर्जित किया वैसा उसे फल मिला उन्होंने उपदेश देते हुए कहा कि शिक्षा हर क्षेत्र में अनिवार्य होता है, इसे ग्रहण किया जाना चाहिए। उन्होने बताया कि शिक्षा शेरनी के दूध के समान होता है,इसे ग्रहण करने वाला हर क्षेत्र में सफल होता किसी भी क्षेत्र का पूर्ण ज्ञान होना जरूरी होता है, अधूरा ज्ञान विष के समान होता है। इसी तरह ▶▶|शेष पेज 10 पर

### जीवंत प्रसंग बने आकर्षण का केंद्र



कथा के दरम्यान विभिन्न धार्मिक प्रसंग जैसे कृष्ण जन्म, दही लुट, रुक्मणी विवाह प्रसंगों पर जीवंत प्रस्तुति दिया गया जो आकर्षण का केंद्र बना रहा पंडाल में भक्तों की भीड़ जीवंत झलकियों झांकियो को देख भाव विभोर हो रहे। कथा वाचक युवराज पांडेय संगीत कलाओं में भी पारंगत है, पंडाल में उनके गाए पचरा की विशेष मांग रहती है इसके अलावा पंडित युवराज पांडेय द्वारा ओड़िया भजन, कीर्तन और धार्मिक गीतों की प्रस्तुति से पूरा पंडाल झूम उठता है। चिर परिचित अंदाज में पांडेय द्वारा भगवान कृष्ण, जगन्नाथ से जुड़ी भजनों पर महिलाओं को भी थिरकने में मजबूर कर देता है।

# ईंधन संकट और बढ़ती कीमतों के खिलाफ कांग्रेस ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और जिले में बने ईंधन संकट के विरोध में रविवार को कांग्रेस ने गरियाबंद में जोरदार प्रदर्शन किया। शहर के प्रमुख पेट्रोल पंप के सामने आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हाथों में खाली जरीकैन तख्तियां और गले में खाली बोतलों की माला पहनकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम सोनवानी ने महंगाई के खिलाफ मोर्चा खोला और बढ़ी हुई कीमतों को तत्काल वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। इसका सीधा असर खाद्य सामग्री, परिवहन और दैनिक जरूरतों की वस्तुओं पर पड़ रहा है जिससे मध्यम वर्ग, किसान, मजदूर और छोटे व्यापारी सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम सोनवानी ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण हर वर्ग परेशान है। पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम आदमी की रोजमर्रा की जिंदगी ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### घर के अंदर खड़ी बाइक जलकर खाक

**नवापारा-राजिम।** ग्राम परसदा में ठाकुर राम तारक पिता बली राम तारक के 15 मई शुक्रवार को शाम 7:00 बजे घर के अंदर रखी हुई हीरो होंडा डीलक्स में अचानक आग लग जाने से बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई। आग की चपेट में आने से कुछ घरेलू समान व घर का आधा हिस्सा जलकर राख हो गया। ठाकुर राम तारक ने बताया कि घर के अंदर बाइक खड़ी थी तभी अचानक उसमें से धुआं उठने लगा और फिर आग की लपटे तेजी से फैल गई। आसपास मौजूद लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन तब तक आग इतनी विकराल हो चुकी थी कि बाइक को बचा पाना संभव नहीं हो सका गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। जिस जगह पर बाइक में आग लगी थी उसके अगल-बगल में और कोई भी गाड़ियां नहीं थी अन्यथा और बड़ी घटना हो सकती थी। घटना की जानकारी मिलने पर सरपंच रमेश कुमार वर्मा, पंच मणीलाल साहू, राजेश कुमार साहू तेजू साहू, रामजी खिलवारे, टीकू यादव एवं ग्रामवासी घटना स्थल पर पहुंचकर जानकारी ली।

### कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में 24 घंटे से बत्ती गुल



**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र मे इन दिनो मौसम का मिजाज दोपहर के बाद अचानक बदल जाता है। कल हुई आंधी- तूफान बारिश से मैनपुर क्षेत्र के ग्रामीण ईलाकों में जगह-जगह पेड़ व डंगाले गिरने से आवागमन जहां बाधित रहा वहीं दूसरी ओर बिजली के खंबो और तारो के उपर पेड़ गिरने से पिछले 24 घंटे से कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। सरपंच बनसिंह सोरी ने बताया की कुल्हाड़ीघाट से लेकर गवरमुड़ बेसराझर तक दर्जनो वृक्ष गिरे हुए हैं। साथ ही कई बिजली के खंबे और जगह -जगह तार टूटने से बिजली व्यवस्था ठप्प हो गई है। आज सुबह से ग्रामीण व ग्राम पंचायत के साथ ही बिजली विभाग के कर्मचारी अधिकारी पहुंचकर व्यवस्था सुधार करने मे लगे हुए है।

### भेंडरी में आज सजेगा सुशासन तिहार का मंच

**राजिम।** राजिम तहसील के ग्राम भेंडरी में आज सोमवार 18 मई को सुशासन तिहार पर्व का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस बहुप्रतीक्षित शिविर को लेकर ग्राम भेंडरी सहित आसपास के पंचायतों में



उत्साह और खुशी का माहौल देखा जा रहा है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान अब प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में सीधे मौके पर हो सकेगा। इस विशेष शिविर में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रोहित साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। वहीं जिला प्रशासन की ओर से जिला कलेक्टर ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### भाजपा सरकार नाकामी छिपाने में व्यस्त है : ध्रुव



**मैनपुर।** देश गंभीर आर्थिक संकट और महंगाई की मार झेल रहा है यदि केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियां मजबूत होतीं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर रणनीति अपनाई गई होती, तो देशवासियों को आज इस स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता। मैनपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कहा कि आज आम जनता एलपीजी गैस की बढ़ती कीमतों से परेशान है, वहीं पेट्रोल–डीजल की कीमतों ने लोगों की कमर तोड़ दी है आम नागरिक अपने दैनिक जीवन की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहा है, लेकिन केंद्र सरकार जनता को राहत देने के बजाय केवल दिखावटी फैसले लेने में व्यस्त है श्री ध्रुव ने आगे कहा जनता अब भाजपा सरकार की नीतियों को समझ चुकी है और आने वाले समय में इसका जवाब जरूर देगी।

### किसान डीजल, खाद और बढ़ती लागत के बीच बुरी तरह जूझ रहा



**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ की राजनीति में किसानों के मुद्दे पर एक बार फिर सियासी तापमान बढ़ गया है। जिला कांग्रेस सोशल मीडिया सह प्रभारी टिकेश साहू ने केंद्र सरकार, राज्य सरकार और खासतौर पर नरेंद्र मोदी की नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश का किसान आज डीजल, खाद और बढ़ती लागत के बीच बुरी तरह जूझ रहा है,लेकिन सरकार जमीन की सच्चाई से दूर दिखाई दे रही है। जिला सोशल मीडिया सह प्रभारी टिकेश साहू ने दावा किया कि रायपुर समेत गरियाबंद जिले के कई पेट्रोल पंपों पर डीजल की कमी बनी हुई है।ऐसे समय में जब किसान खेतों की जुताई,मांदा और खरीफ सीजन की तैयारी में जुटे हैं, डीजल संकट ने खेती को प्रभावित करना शुरू कर दिया है।उन्होंने सवाल उठाया कि अगर किसान को समय पर डीजल नहीं मिलेगा तो खेती कैसे होगी और उत्पादन कैसे बढ़ेगा? भाजपा नेताओं के बयानों पर पलटवार करते हुए श्री साहू ने कहा कि कुछ नेताओं को खेती–किसानी की बुनियादी समझ तक नहीं है।

### पेट्रोल पंप में कर्मचारियों से मारपीट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**अभनपुर।** चंडी मोड़ स्थित भारत पेट्रोल पंप में कर्मचारियों के साथ मारपीट और धमकी देने के मामले में अभनपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपी पुरुषोत्तम ध्रुव पिता विदेशी राम ध्रुव उम्र 19 वर्ष, भोज सेन पिता पंचूराम सेन उम्र 31 वर्ष तथा ठाकुर राम साहू पिता इतवारी राम साहू उम्र 32 वर्ष, सभी निवासी गोडपारा अभनपुर, के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 170, 126 एवं 135(3) के तहत कार्रवाई की गई है। गौरतलब है कि 16 मई की रात चंडी मोड़ स्थित भारत पेट्रोल पंप में ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों के साथ आरोपियों द्वारा गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया था। घटना में पेट्रोल पंप कर्मचारी घायल हुए थे।

**प्रदर्शन :** पेट्रोल पंपों पर पहुंचकर ग्राहकों से किया संवाद, सरकार की नीतियों को बताया जनविरोधी

# पेट्रोल-डीजल की किल्लत और महंगाई के खिलाफ तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

पेट्रोल-डीजल की किल्लत और लगातार बढ़ती महंगाई को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरा द्वारा तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन की शुरुआत की गई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित इस आंदोलन के पहले दिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने टिकरिहा एवं मेमन पेट्रोल पंप पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल पंपों पर मौजूद ग्राहकों और ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ नाराजगी जताई। धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि पेट्रोल, डीजल, खाद्य सामग्री, सराफा और दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं, जिससे किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी और मध्यम वर्गीय परिवार गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। नेताओं ने कहा कि महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है और सरकार हालात संभालने में विफल साबित हो रही है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष माहेश्वरी शाह ने कहा कि प्रदेश में पेट्रोल-डीजल की कमी के बीच प्रशासन द्वारा सीमित मात्रा में ईंधन देने का आदेश जारी किया गया है, जिससे किसानों और आम नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय खेती-किसानी का है और किसानों को ट्रैक्टर, पंप और अन्य कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त डीजल की आवश्यकता होती है। ऐसे समय में एक हजार रुपये का डीजल और तीन सौ रुपये का पेट्रोल देना पूरी तरह अव्यवहारिक है। उन्होंने कहा कि ईंधन की कमी के कारण खेती के कार्य प्रभावित हो रहे हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की परेशानियां लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि यदि किसी मरीज की अचानक तबीयत खराब हो जाए और उसे रायपुर या अन्य बड़े स्वास्थ्य केंद्रों में रेफर करना पड़े, तो सीमित पेट्रोल की व्यवस्था के कारण लोगों को गंभीर संकट का सामना करना पड़ सकता है। इससे आम नागरिकों में भय और असंतोष का माहौल बना हुआ है।



**ईंधन नहीं मिलने से दैनिक कार्यों में बाधा**

धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल पंपों पर पहुंचे ग्राहकों और ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानीं। छुरा, रसेला, लोहझर, गायडबरी, मडेली सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने बताया कि पेट्रोल-डीजल की कमी के कारण खेती-किसानी, व्यापार, परिवहन और स्वास्थ्य सेवाओं तक हर क्षेत्र प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि समय पर ईंधन नहीं मिलने से दैनिक कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है और लोगों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। इस दौरान राजा यष्पेंद्र शाह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष समद खान, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अब्दुल शमीम खान, नेता प्रतिपक्ष पंचराम टंडन, देवसिंग नेताम, श्रीमती राजकुमारी सोनी, भानुप्रताप वर्मा, डॉ. योगेंद्र चंद्राकर, थानु राम तारक, न्याज अहमद, शांतनु देवांगन, श्वेता चंद्राकर, सोनू दीक्षित,देशबाई ध्रुव, शैलेन्द्र दीक्षित, मोनू दीक्षित, संदीप सोनी, विकास दुबे, वीरेंद्र निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**प्रशासनिक स्तर पर समुचित प्रबंधन नहीं–** महामंत्री हरीश यादव ने कहा कि शासन द्वारा लगातार यह दावा किया जा रहा है कि पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है, लेकिन धरातल पर हालात इसके विपरीत हैं। उन्होंने कहा कि लोग घंटों लाइन में लगने के बावजूद पर्याप्त मात्रा में ईंधन नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि सरकार की व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं और प्रशासनिक स्तर पर समुचित प्रबंधन नहीं हो पा रहा है। पार्षद सलीम मेमन ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों से विदेश यात्राएं कम करने की अपील करते हैं, लेकिन स्वयं लगातार विदेश दौरे कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर चुनाव के बाद महंगाई बढ़ जाती है और इसका सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ता है।

## देवभोग में सर्व सुविधा युक्त सुलभ शौचालय नहीं होने से भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के ओड़िसा सीमा से लगे देवभोग जैसे बड़े नगर में सर्व सुविधा युक्त सार्वजनिक सुलभ शौचालय नही होने के कारण यहां आने जाने वाले यात्रियों राहगीरो व महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है समाज सेवक वेणु व्यंकटे"वर डोंगरें ने सुशासन तिहार मुंगझर मे कलेक्टर गरियाबंद को आवेदन सौंपकर देवभोग मे सुलभ शौचालय खोलने की मांग कि है आवेदन मे बताया गया है कि नगर पंचायत देवभोग अनुभाग मुख्यालय है यहां एकमात्र सुलभ शौचालय का निर्माण किया गया था वह पिछले 10 वर्षों से बंद पड़ा हुआ है। सुलभ शौचालय नहीं होने के कारण यहां लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समाज सेवक वेणु व्यंकटेश्वर डोगरे, योगेश नेताम, रूपधर यादव, महेन्द यदु, देवेन्द्र यादव, मनोज निशाद, रमेश यादव, धनेश्वर प्रधान, योगेश संजय सिन्हा, कैलाश सोनवानी आदि लोगों ने लिखित आवेदन मे मांग किया है कि देवभोग जैसे नगर पंचायत मे सुलभ शौचालय नही होने के कारण कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है जो सुलभ शौचालय बंद पड़ा हुआ है उसे पहले प्रारंभ करवाया जाये और यहां सर्व सुविधा युक्त सुलभ शौचालय का निर्माण करवाकर लोगों को सुविधा उपलब्ध कराई जाये।



## अफसरों ने दिखाए सुनहरे सपने, कमार बने कर्जदार उपजाऊ जमीन पर खोदा तालाब, नहीं मिली मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर के ग्राम बेहराडीह में भूमि संरक्षण विभाग के अधिकारियों की बड़ी लापरवाही और वादाखिलाफी का मामला सामने आया है। राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के परिवारों को चार वर्ष पहले मछली पालन के जरिए हर महीने 20 से 25 हजार रुपये की आमदनी का सुनहरा सपना दिखाया गया था। लेकिन आज स्थिति यह है कि इन परिवारों की उपजाऊ जमीन भी छिन गई, तालाब में बूंद भर पानी नहीं है और वे लाखों रुपये के कर्ज के बोझ तले दब गए हैं। परेशान कमार परिवारों ने अब गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके से न्याय की गुहार लगाई है और मांग पूरी न होने पर 'सुशासन तिहार' शिविर में सपरिवार धरने पर बैठने की चेतावनी दी है।



**कमार परिवारों के साथ धोखा : कचंद ध्रुव**

जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव ने बताया की बेहराडीह में तालाब निर्माण के साथ ही अन्य निर्माण कार्यों का पैसा अब तक नहीं मिला है जिसके कारण कमार परिवार बेहद परेशान है। इस मामले की जॉच किया जाना चाहिए जेसीबी मशीन मे तालाब खोदाई के बाद भी न तो वहा सौर ऊर्जा बोर खनन किया गया न ही मछली पालन किया गया जिम्मेदार अधिकारियो पर कार्यवाही होनी चाहिए।

**तालाब का पैसा नहीं मिला, 04 हितग्राहियों की हो चुकी है मौत–** तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 08 किमी दूर ग्राम पंचायत बोईरगांव के आश्रित ग्राम बेहराडीह कमार बाहुल्य ग्राम है और यहा विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के लोग निवास करते है यहां के कमार परिवार के संतुराम कमार, श्रीराम कमार एवं राजमन कमार, राजकुमार कमार, पुनउराम एवं रामसिंग सांडे 06 हितग्राहियो के उपजाऊ जमीन पर भूमि संरक्षण विभाग गरियाबंद द्वारा अगस्त 2023 मे अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण मद से तालाब निर्माण मछली पालन के लिए तालाब का निर्माण करवाया गया। हितग्राही संतुराम कमार एवं श्रीराम कमार ने बताया कि 06 लोगो का तालाब खुदाई जेसीबी मशीन से करवाया गया है और आज तक हम लोगों को पूरा पैसा नहीं मिला है जबकि चार हितग्राहियों की मौत हो चुकी है।

**गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लेंगे।**

कृषि विभाग गरियाबंद के उपसंचालक चंदन राय ने बताया की मुझे इस मामले में अभी पता चला है। मछली विभाग के अफसर गांव पहुंचकर जायजा लेंगे और इस मामले पर पूरा फाइल देखकर ही कुछ बता पाऊंगा।



### अनिमेश ने कार्यकर्ताओ से मुलाकात की

**फिंगेश्वर।** जिला सहकारी एवं केंद्रीय बैंक रायपुर जिला उपाध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ट नेता अनिमेश कश्यप का ग्राम जामगांव में आगमन होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत करते हुए हालचाल जाना। इस अवसर पर गरियाबंद जिला के जिला उपाध्यक्ष पिछडा वर्ग मोर्चा एवं जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन जिला गरियाबंद दशरथ सिंन्हा, मंडल महामंत्री मिंजून साहू, हुकूम सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत गोना में रंग मंच भवन का जनक ध्रुव ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर विकासखंड के दूरस्थ वनांचल मे बसा ग्राम गोना पहुंचे बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने लाखो रूपए के लागत से नवनिर्मित रंग मंच भवन का विधिवत पूजा अर्चना कर लोकार्पण किया और ग्रामीणों के समस्याओं को सुना कई समस्याओं का तत्काल समाधान किया और कई समस्याओं के समाधान के लिए उच्च अधिकारियों को निर्देशित किया है। इस मौके पर सुनील मरकाम, रमेश मरकाम, रमेश नेताम, दशरथ नेताम, मानसिंह मरकाम, भानु नेताम, हरचंद नेताम, दैनिकराम मंडावी, प्रताप सिंह नेताम, बुधलाल नेताम, सरपंच निरमत बाई, उपसरपंच अशोक नेताम, महामंत्री गैंदू यादव, नेहाल सिंह नेताम, अमरसिंह, रूपसिंह मरकाम, बैजनाथ नेताम, कृष्णा नेताम, अमर मरकाम, पुनित राम, गोवर्धन सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण जन उपस्थित थे।



## नवा रायपुर में आईटी पार्क का युवाओं ने किया स्वागत






हरिभूमि न्यूज ⏭ सुरसाबांधा

नवा रायपुर को आधुनिक तकनीकों के हब के रूप में विकसित करने की दिशा में राज्य सरकार की पहल को युवाओं ने सराहनीय कदम बताया है। आईटी पार्क, सेमी कंडक्टर और एआई डेटा सेंटर जैसी परियोजनाओं से प्रदेश में रोजगार एवं तकनीकी अवसरों के बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। युवा सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक सोनकर ने कहा कि नवा रायपुर में तकनीकी संस्थानों और आईटी सेक्टर के विस्तार से स्थानीय युवाओं को बड़ी कंपनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इससे प्रदेश के प्रतिभाशाली युवाओं को बाहर पलायन नहीं करना पड़ेगा और वे अपने ही राज्य में बेहतर भविष्य बना सकेंगे। गोपाल साहू ने कहा कि एआई डेटा सेंटर और सेमी कंडक्टर जैसे प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ को नई पहचान देंगे। राजू साहू ने कहा कि सरकार की यह पहल युवाओं के भविष्य को मजबूत करने वाली है। रोजगार के नए अवसर मिलने से प्रदेश की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। प्रिन्स शर्मा ने कहा कि आईटी पार्क बनने से नवा रायपुर में निवेश बढ़ेगा। अंशु साहू ने कहा कि तकनीकी विकास के साथ प्रदेश में स्टार्टअप और डिजिटल क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे युवा आत्मनिर्भर बनेंगे और नए रोजगार सृजित होंगे। ओंकार साहू ने कहा कि नवा रायपुर में आधुनिक तकनीकी परियोजनाओं की शुरूआत छत्तीसगढ़ के विकास के लिए ऐतिहासिक कदम है।






### शनि जयंती पर भक्तों ने किया तेलाभिषेक

**फिंगेश्वर।** चैत्र मोड़ के पास शनि मंदिर में शनिवार को शनि जयंती पर भक्तों का ताता लगा। लोगों ने भगवान शनि की पूजा अर्चना कर तेलाभिषेक कर सुखी जीवन की कामना की। पूजा को लेकर लोगों ने बताया कि भगवान शनिदेव न्याय के देवता हैं। वे हमें धन के साथ साथ अनुशासन एवं कर्म का ज्ञान कराते हैं। जिन लोगों को शनि की साढे सति एवं अढैया शानि का प्रकोप है ऐसे लोग सावधान रहे।पाजेटिव सोच के साथ अनुशासन पूर्वक रहे और दिन दुखियों की सेवा अव"य ही करे।वहीं पर सत्य को स्वीकार कर शनिदेव के सामने अपने जीवन मे की गई गलतियों को स्वीकार करे और माफी मांगे।उनके बीज मंत्रे का प्रतिदिन जाप कर पीपल के पेड़ पर जल देवे एवं भगवान शिव का जलाभिशेक करने से शनिदेव का प्रकोप कम हो जाता है। वहीं पर शनिवार को हनुमान जी की चालीसा एवं सुंदरकांड का पाठ अवश्यक करें जमकर फायदा होगा।

## पेज 9 के शेष...

### जतमई मोड पर सरकारी...

पहले जैसे सड़क का निर्माण किया था वैसे ही ज्यों का त्यों बना दिया है। ना तो विभाग न ही जनप्रतिनिधियों ने इस तरह के अंधे मोड़ को समझ कर सुधारने में कोई दिलचस्पी दिखाई कई मोड़ो में कोई सुधार नहीं किया गया है और सड़क चौड़ीकरण होने की वजह से लोग काफी स्पीड में गाड़ी चलाते हैं और इस तरह के मोड को समझ नहीं पाते और दुर्घटना का शिकार होकर जान गवा रहे है।

### धूप के बीच अचानक...

जिससे एक बहुत बड़ी अनहोनी होने से बच गई। इस घटना में बुड़राम बाल-बाल बच गए हैं और उन्हें किसी भी तरह की चोट नहीं आई है। घटना के बाद से डुमरपारा के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली गिरने की आवाज इतनी तेज थी कि लगा जैसे कोई बड़ा विस्फोट हुआ हो। पेड़ के झुलसने और छाल उखड़ने के मंजर को देखकर हर कोई सहमा हुआ है, लेकिन सभी इस बात से राहत महसूस कर रहे हैं कि जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ।

### भेंडरी में आज सजेगा...

बीएस उइके तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी शिविर में मौजूद रहेंगे। प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहाँ ग्रामीण अपनी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन सीधे अधिकारियों को सौंप सकेंगे। राजस्व, पंचायत, कृषि, बिजली, पानी, राशन कार्ड, पेंशन, आवास, मनरेगा, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सामाजिक योजनाओं से जुड़े मामलों के निराकरण के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार के शिविर गांवों में प्रशासन को जनता के और करीब लाते हैं। लोगों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर लगाने से राहत मिलती है और एक ही स्थान पर कई विभागों के अधिकारियों से मुलाकात हो जाती है। यही कारण है कि भेंडरी सहित आसपास के गांवों के लोग अपने जरूरी दस्तावेज और आवेदन तैयार कर शिविर में पहुंचने की तैयारी कर रहे हैं। गांव में सुबह से ही आयोजन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। पंचायत प्रतिनिधि, कर्मचारी और स्थानीय युवा व्यवस्था बनाने में जुटे हुए हैं।

### मोहमाया जीवन...

—ष्ण जन्मोत्सव के प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि जैसे ही वासुदेव ने कृष्ण जी को अपने सर में उठाया वैसे ही उनकी बेड़ियां खुल गई और जैसे ही माया को उठाया वे बंधन में जकड़ गए इस प्रसंग के जरिए उन्होने बताया कि जीवन में मोहमाया दुख और विनाश का कारण होता है पर ब्रम्ह को धारण करने अथवा भक्ति मार्ग पर चलने वाले सदैव इस संसार में सुख की प्राप्ति करते हैं।

### ईंधन संकट और...

मुश्किल होती जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता की आवाज बनकर सड़क पर उतरी है और जब तक महंगाई पर नियंत्रण नहीं होता आंदोलन जारी रहेगा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल पंप पहुंचे आम नागरिकों से भी संवाद किया और महंगाई के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए समर्थन मांगा। प्रदर्शन को देखने बड़ी संख्या में लोग मौके पर मौजूद रहे।

**20 मई तक चलेगा चरणबद्ध आंदोलन-** दरअसल, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 17 मई से 20 मई तक पूरे प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन चलाया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आह्वान पर पहले चरण में पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के विरोध में पेट्रोल पंपों के सामने प्रदर्शन किया जा रहा है। आगामी दिनों में किराना बाजार और सराफा बाजार में भी कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमित मिरी और शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम सोनवानी ने किया। प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष पवन सोनकर, रमेश शर्मा, महामंत्री नीरज ठाकुर, डिलेश्वर देवांगन, महेन्द्र सिंह राजपूत, कमल यदु, नारायण साहू, रमेश मेश्राम, कुशल देवांगन, संदीप सरकार, छबि नेताम, ऐश्वर्य यदु, भानु सिन्हा, मनीष ध्रुव, अमृत पटेल, कादर हिंगोरा, महिला ब्लॉक अध्यक्ष हेमलता सिन्हा, सविता गिरी, प्रतिभा पटेल, ममता फुलझले, धनेश्वरी सिन्हा, डिलेश्वरी सिन्हा, सुजीत कुटारे, अक्तू राम यादव, लछमण चक्रधारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इस आंदोलन को सोशल मीडिया के माध्यम से भी जन-जन तक पहुंचाया जाएगा, ताकि आम लोगों की आवाज सरकार तक मजबूती से पहुंच सके।

## निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों की वास्तविक भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग

**महासमुंद।** पंचायती राज व्यवस्था में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों की वास्तविक भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अशवंत तुषार साहू ने की है। उन्होंने पंचायत विभाग से एक स्पष्ट निर्देश जारी करने की मांग की हैं। तुषार ने कहा कि सरपंच पत्नी के कामकाज में पति दखल नहीं दें। पंचायतों में महिलाओं के लिए आरक्षण का उद्देश्य केवल औपचारिक प्रतिनिधित्व नहीं बल्कि उन्हें निर्णय प्रक्रिया का स्वतंत्र और प्रभावी हिस्सा बनाना है। सुनिश्चित की जाएगी उपस्थिति, ग्राम पंचायत, जनपद एवं अन्य पंचायत बैठकों में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### शनि देव की जयंती पर विशेष पूजा

**मैनपुर।** शनि जयंती के पावन अवसर पर शनिवार को अंचल के शनि मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी भक्तों ने विधि–विधान से भगवान शनिदेव की विशेष पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और शनि दोष से मुक्ति की कामना की मंदिरों में तैलाभिषेक, मंत्रेच्चार, हवन एवं भजन–कीर्तन का आयोजन किया गया मैनपुर के जीडार मार्ग चिहरा पारा स्थित शनि मंदिर में भी विशेष पूजा अर्चना की गई धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, ज्येष्ठ अमावस्या के दिन शनिदेव का जन्म हुआ था, इसलिए इस दिन का विशेष महत्व माना जाता है। इस वर्ष शनि जयंती शनिवार को पड़ने से इसका महत्व और अधिक बढ़ गया। श्रद्धालुओं ने शनि मंदिरों में सरसों का तेल, काले तिल, उड़द एवं नीले पुष्प अर्पित कर पूजा की। चिहरापारा स्थित शनि देव के मंदिर में पूजन कार्यक्रम आरतीक साहू श्रीमती रेखा साहू, रघुनाथ बाजपेइ, दाउलाल, दुष्यंत, सुखराम नागेश, छगन सिन्हा, महेश, पान सिंह नागेश सहित ग्राम वासी एवं क्षेत्रवासी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

### अधिवक्ता शंकर चंद्राकर बेमेतरा राज युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बने

**सुरसाबांधा।** चंद्रनाहू चंद्राकर कूर्मी क्षत्रिय समाज बेमेतरा राज ईकाई द्वारा समाज और संगठन को मजबूत करने की दिशा में संगठन का विस्तार किया गया है। बेमेतरा राज अध्यक्ष अयोध्या चंद्राकर के मार्गदर्शन में प्रदेश युवा अध्यक्ष राकेश चंद्रवंशी ने चंद्रनाहू चंद्राकर कूर्मी क्षत्रिय समाज बेमेतरा राज युवा प्रकोष्ठ का विधिवत गठन किया गया जिसमें युवा व कर्मठ समाजसेवी अधिवक्ता शंकर चंद्राकर बेमेतरा राज युवा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। एडवोकेट शंकर चंद्राकर की नियुक्ति पर प्रदेश पदाधिकारी, बेमेतरा राज पदाधिकारी, समाजजनों एवं स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। नवनियुक्त युवा अध्यक्ष एडवोकेट शंकर चंद्राकर ने अपनी नियुक्त पर प्रदेश पदाधिकारी, बेमेतरा राज अध्यक्ष अयोध्या चंद्राकर जी एवं प्रदेश युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष राकेश चंद्रवंशी एवं समस्त समाजजनों का आभार व्यक्त किया।





### धान के एमएसपी में 70 रुपए की बढ़ोतरी से कांग्रेस को हो रहा दर्द

**गरियाबंद।** भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश सहसंयोजक मुरलीधर सिन्हा ने धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में केंद्र सरकार द्वारा की गई बढ़ोतरी का स्वागत करते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने आगामी खरीफ सीजन के लिए धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में ₹70 प्रति क्विंटल की वृद्धि करते हुए सामान्य धान का एमएसपी ₹2441 और ग्रेड-ए धान का एमएसपी ₹2461 प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। इस फैसले से जहां किसानों में खुशी है, वहीं कांग्रेसियों के पेट में मरोड़ और दर्द होने लगा है। मुरलीधर सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद अपने वादे के अनुरूप किसानों से धान की खरीदी ₹3100 प्रति क्विंटल के हिसाब से की गई। केंद्र सरकार द्वारा तय एमएसपी और राज्य सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य के अंतर की राशि भी किसानों को भुगतान की गई, जिससे किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौटी। उन्होंने कहा कि एमएसपी बढ़ने के बाद भी किसानों को अब ₹659 प्रति क्विंटल अतिरिक्त राशि का लाभ मिलेगा।



## आस्था : वट सावित्री पूजा केवल पति की दीर्घायु नहीं, यह प्रकृति की उपासना का भी प्रतीक है

# महिलाओं ने रखा वट सावित्री का व्रत, की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा

पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य की कामना का महापर्व वट सावित्री व्रत सुरसाबांधा-श्यामनगर सहित क्षेत्र के सभी गांव में पारंपरिक श्रद्धा, हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही नवविवाहित महिलाओं में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा गया। सोलह श्रृंगार कर महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की और परिक्रमा लेकर पति के दीर्घायु जीवन की कामना की। पूरे जिले में सुबह से ही मौसम सुहावना रहा, जिसने महिलाओं के उत्साह को दोगुना कर दिया। क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों और मंदिरों में स्थित वट वृक्षों के नीचे सुबह 6 बजे से ही महिलाओं की भीड़ जुटने लगी थी। महिलाओं ने वट वृक्ष को जल अर्पित कर रोली, चंदन, अक्षत, फल और फूल चढ़ाए। इसके बाद बांस के बने पंखों से वट वृक्ष और सत्यवान-सावित्री की पूजा की गई। पूजा के मुख्य चरण में महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा की। वृक्ष के चारों ओर रक्षासूत्र लपेटकर महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और परिवार के कल्याण की मन्नतें मांगी। पूजा के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्य की बधाई दी। आसपास के ग्रामीण इलाकों में इस पर्व को लेकर विशेष तैयारियां देखी गईं। स्थानीय महिला अंबिका वर्मा ने बताया कि यह व्रत हमारे सनातन धर्म में पति-पत्नी के अटूट रिश्ते का प्रतीक है। जिस तरह माता सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस ले लिए थे, उसी आस्था के साथ हम यह व्रत रखती हैं।





## सुहागिनों ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर मांगी पति की दीर्घायु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

अंचल में शनिवार को ज्येष्ठ अमावस्या के पावन अवसर पर ग्रामीण सुहागिन महिलाओं ने निर्जला उपवास रखकर श्रद्धा एवं भक्ति भाव से वट सावित्री व्रत एवं पूजा-अर्चना की। ग्राम सोरिद खुर्द, कसेकेरा, साजापाली, गोदलाबाहरा, भैरा, नवापारा, करचाली, रानीपरतेवा, पिपरहट्ठा, खड़मा, ओनवा, कोरासी, मड़ेली, कुरेकेरा, पक्तियां, जुनवानी, करकरा सहित आसपास के गांवों में महिलाओं ने अखंड सौभाग्य, पति की दीर्घायु, परिवार की सुख-समृद्धि एवं गांव की खुशहाली की कामना करते हुए व्रत रखा। वट सावित्री व्रत को सुहाग, समर्पण और अटूट प्रेम का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर सुहागिन महिलाएं नई साड़ी एवं पूर्ण श्रृंगार में सज-धज कर उत्साह और उमंग के साथ वट वृक्ष की विधिवत पूजा करने पहुंचीं। महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर पूजा सामग्री अर्पित की तथा पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार कथा श्रवण कर परिवार की मंगलकामना की। इस दौरान जनपद सदस्य पुष्पलता सिन्हा, दुर्गा सिन्हा, रेखा साहू, पुष्पा सिन्हा, हिना, कविता, वर्षा, लीलेन्द्री, गीतांजली, चित्रलेखा, अनुसुइया, वैष्णवी सहित ग्राम सोरिद खुर्द एवं आसपास की बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाएं उपस्थित रहीं। महिलाओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ वट सावित्री व्रत मनाते हुए अखंड सौभाग्य की कामना की।



### महिलाओं ने की वट सावित्री पूजा

**रसेला।** अंचल में वट सावित्री का पावन पर्व परंपरागत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। वट सावित्री पूजा केवल पति की दीर्घायु के लिए नहीं, बल्कि यह प्रकृति की उपासना और पर्यावरण संरक्षण का भी प्रतीक है। हिन्दू धर्म की आस्था, परंपरा और वैवाहिक जीवन की मंगलकामना का प्रतीक वट सावित्री व्रत शनिवार को रसेला सहित क्षेत्र में सुहागिन महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सोलह श्रृंगार और पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने बरगद वृक्ष की विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपने पति की दीर्घायु, अखंड सौभाग्य तथा परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। अखंड सौभाग्य कामना को लेकर महिलाओं ने कठोर निर्जला व्रत रखा। भोले नाथ के प्रांगण और वट वृक्ष के चबूतरे पर एकत्र होकर सभी वट वृक्ष को फल, फूल, नारियल, सिंदूर,धूप दीप और अक्षत अर्पित किए। इसके बाद महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए उसके तने पर कच्चा सूत लपेटा और अपने सुहाग की रक्षा एवं पति की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की। पूरे परिसर में मंत्रोच्चार,भजन और धार्मिक गीतों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। पूजन के उपरांत कथा श्रवण कर आरती उतारी और एक दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्य की शुभकामनाएं दी। आधुनिकता के इस युग में भी महिलाओं की संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के प्रति गहरी आस्था देखने को मिलीं। जेठ की भीषण गर्मी के बावजूद महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ व्रत और पूजा संपन्न की। पूजा के बाद उन्होंने बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और सुहाग सामग्री का आदान-प्रदान किया।



### वट सावित्री व्रत पर सुहागिनों ने की वट वृक्ष की पूजा

**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी सहित आसपास के गांवों में सुहागिनों ने वट सावित्री का व्रत रखकर पूरे विधि-विधान से पूजा,पाठ कर पति की दीर्घायु की कामना की। गांव के प्राचीन वट वृक्ष के नीचे सुबह से ही सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पहुंची। महिलाओं ने वट वृक्ष को जल, रोली, अक्षत और फल चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। कच्चे सूत से वट वृक्ष को लपेटते हुए 7 बार परिक्रमा कर पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य का वरदान मांगा। इस दौरान महिलाओं ने सामूहिक रूप से सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी। मान्यता है कि ज्येष्ठ अमावस्या के दिन सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस मांगे थे। तभी से सुहागिन महिलाएं इस दिन वट वृक्ष की पूजा कर पति की दीर्घायु की कामना लिए व्रत रखती है। इस अवसर योगेश्वरी साहू, ज्योति साहू, कल्पना सेन ज्योति सेन, गोमती, रानी, देवबती साहू सहित सुहागिन महिलाएं मौजूद रही।



## तालाब गहरीकरण से मजबूत होगा जल संरक्षण : ममता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा

ग्राम पंचायत तर्रा में शासन की जनहितकारी योजना के अंतर्गत तालाब गहरीकरण कार्य के भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन उत्साह एवं श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर विकास कार्य का शुभारंभ किया। भूमि पूजन कार्यक्रम में सरपंच ममता साहू, सरपंच प्रतिनिधि तुकेश साहू, उपसरपंच ललिता सेन, पंच केसर साहू, भूनेश्वरी साहू, रिपुसुदन निर्मलकर, डोमार तारक, जीवराखन पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सरपंच ममता साहू ने कहा कि तालाब गहरीकरण कार्य ग्राम के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे वर्षा जल का संरक्षण बेहतर ढंग से हो सकेगा तथा भूजल स्तर में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में ग्रामीणों एवं पशुओं को पानी की समस्या से राहत मिलेगी और किसानों को भी इसका सीधा लाभ प्राप्त होगा। शासन की योजनाओं का लाभ गांव तक पहुंचाना पंचायत की प्राथमिकता है और ग्राम पंचायत तर्रा में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। सरपंच प्रतिनिधि तुकेश साहू ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। तालाब गहरीकरण से गांव की जल व्यवस्था मजबूत होगी तथा आने वाले समय में ग्रामीणों को इसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेगा।

## केंद्रीय विद्यालय में भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्रीय विद्यालय संगठन नई दिल्ली के निर्देशानुसार स्थानीय पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में संजय कंसल प्राचार्य के मार्गदर्शन एवं जितेंद्र कुमार चंद्राकर प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक गणित के संयोजन में भारतीय भाषा समर कैंप का शुभारंभ 13 मई 2026 किया गया। कैंप का मुख्य उद्देश्य भारत वर्ष की विविध भाषा के समृद्धशाली इतिहास, संस्कृति, भाषा की उत्पत्ति आदि के बारे में जानकारी तथा बच्चो में भाषाई समझ विकसित करना है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षाविद गोवर्धन प्रसाद प्रधान पूर्व प्राचार्य बलौदाबाजार सह सहायक संचालक उपस्थित थे। अतिथि परंपरा का निर्वहन करते हुए संजय कंसल द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रधान द्वारा उड़िया भाषा के अक्षर, उच्चारण एवं व्याकरण की जानकारी प्रदान किया गया। भाषा के उच्चारण की बारीकियों पर चर्चा करते हुए उड़िया संस्कृति के बारे में बच्चों को अवगत कराया गया।

## नवागांव में चंपारण परिक्षेत्र साहू समाज की बैठक, सामाजिक प्रकरणों का हुआ निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

परिक्षेत्र साहू समाज चंपारण नवागांव की आवश्यक बैठक साहू समाज भवन नवागांव में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वजातीय बन्धुओ द्वारा माता कर्मा की पूजा अर्चना के साथ किया गया. बैठक में समाज की सामाजिक गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने,आपसी भाईचारा बढ़ाने, सामाजिक एकजुटता बनाए रखने तथा विभिन्न सामाजिक प्रकरणों पर विचार विमर्श करते हुए उनका निराकरण किया गया.इस अवसर पर परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष गेंद लाल साहू ने कहा कि सामाजिक एकता ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति है जब समाज के लोग एक मंच पर आकर विचार विमर्श करते हैं तब संगठन और अधिक मजबूत होता है। हमें नई पीढ़ी को सामाजिक संस्कार एवं समाज सेवा की भावना से जोड़ना चाहिए। जनपद सभापति ब्रम्हानंद साहू ने कहा कि आपसी सहयोग, प्रेम एवं भाईचारा समाज को नई दिशा देता है समाज के सभी लोगों को एकजुट होकर सामाजिक गतिविधियों में भाग देना चाहिए. कार्यक्रम का संचालन परिक्षेत्र साहू समाज के सचिव नरसिंग साहू ने किया। इस अवसर पर परिक्षेत्र साहू समाज के उपाध्यक्ष रामकुमार साहू ,कमला साहू, संगठन सचिव भुवन साहू, निर्मला साहू, मालिक साहू, लखन साहू, पारसमणी साहू, पूरन साहू, रविशंकर साहू, सुरेंद्र साहू, कोमल साहू, राजेश साहू, पुरुषोत्तम साहू, डोमार साहू, महेश साहू, उमेंदी साहू, विनोद साहू, विनीता साहू, रमा साहू, आशाराम साहू, दुलार साहू, मेलूराम साहू, फगेश साहू, उमेंद साहू, रेखराम साहू, श्यामलाल साहू सहित परिक्षेत्र साहू समाज के पदाधिकारी एवं स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।



### बोड़की में शिव महापुराण कथा की धूम

**छुईहा बेलर।** ग्राम बोड़की में पिता भारत साहू की पावन स्मृति में पुत्र थनेश्वर साहू द्वारा 11 से 18 मई तक शिव महापुराण सप्ताह कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा में व्यास पीठ पर प्रसिद्ध कथावाचक पं. पुष्कर तिवारी महाराज विराजमान हैं, जबकि पारायण कर्ता आशुतोष तिवारी हैं। रविवार को कथा के दौरान पं. पुष्कर महाराज ने अनुसुइया चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे सती अनुसुइया ने अपने तपबल से ब्रह्मा, विष्णु, महेश को बालक रूप में परिवर्तित कर मातृभाव से भोजन कराया। तीनों देवों ने प्रसन्न होकर वरदान दिया कि वे उनके पुत्र रूप में अवतरित होंगे, जिससे चंद्रमा, दत्तात्रेय और दुर्वासा ऋषि का जन्म हुआ। कथा को आगे बढ़ाते हुए महाराज ने गौतम ऋषि के प्रसंग में बताया कि वरुण देव से प्राप्त अक्षय जलकुंड से उन्होंने प्राणियों का पालन किया। गौहत्या के आरोप से दुखी होकर गंगा लाने और शिवलिंग स्थापना से उनके पाप दूर हुए। गृहपति चरित्र में बताया कि शिवभक्त विश्वानर-शुचिष्मती को भगवान शंकर ने पुत्र रूप में जन्म लेकर गृहपति को अग्नि का अधिपति पद प्रदान किया। महाराज ने श्रोताओं को भक्ति, धर्म और आदर्श जीवन की प्रेरणा दी। कथा श्रवण के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। आयोजन में जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक, सरपंच नेतराम सिन्हा, पूर्व सरपंच रामजी साहू, धामबाई साहू, धनेश्वर साहू, पत्रकार उरेंद्र साहू, चमेली साहू , साहिल कुमार साहू, तनुजा साहू, खिलावन, कौशिल्याबाई ,कुंजन राम,होरीलाल हेरडा राम छबीराम साहू भोजराम रेवाती, सरपंच नेतराम सिन्हा, पुर्व सरपंच रामजी साहू, समाजिक कार्यकर्ता रोशन साहू, इत्यादि उपस्थित थे।यह आयोजन पिता के प्रति पुत्र की श्रद्धांजलि के साथ-साथ धार्मिक चेतना जागृत करने और सामाजिक एकता का सशक्त माध्यम बना।





### दिनेश बने रायपुर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष

**नवापारा-राजिम।** नवापारा शहर के वरिष्ठतम अधिवक्ता दिनेश देवांगन जो छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में काफी समय से प्रेक्टिस कर रहे है जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में वे अध्यक्ष पद के लिए 731 मतो से चुन लिए गए। श्री देवांगन को 1463 मत मिले जबकि उनके निकटतम उम्मीदवार कमलेश पांडे को 732। अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार थे। श्री देवांगन के चुने जाने पर उनके गृहनगर नवापारा शहर में खूब आतिशबाजी के साथ जश्न मनाया गया। जानकारी के मुताबिक नवनिर्वाचित प्रबंध कार्यकारिणी सत्र 2026-2028 में अध्यक्ष दिनेश देवांगन, उपाध्यक्ष- सूर्यकांत पाटस्कर, महिला उपाध्यक्ष- भारती राठौर ,सचिव राकेश पुरी, कोषाध्यक्ष- रानी लक्ष्मी साहू, सह सचिव- गुणेश निर्मलकर, महिला सह सचिव- नेहा राठौर, ग्रन्थालय सचिव- महेंद्र देवांगन,सांस्कृतिक व क्रीड़ा सचिव- योगेश साहू, निर्वाचित हुए। महिला कार्यकारिणी सदस्य- योगिता धुरंधर एवं अमृता दीक्षित ,कार्यकारिणी सदस्य योगीराज वर्मा, अविजित त्रिपाठी, विवेक मिश्रा, आकाश जासूजा ,आकाश सोनी रखे गए है। बताया गया है कि इस चुनाव में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे और सेल्फी जोन आकर्षण का केंद्र बना था।

## लाखों सीड बॉल तैयार करने में जुटी टीम बंजर जमीन को हरा-भरा बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



पर्यावरण संरक्षण और पक्षी प्रेम की मिसाल बन चुके छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध बर्डमैन संजय साहू ने अब प्रदेश को हरा भरा बनाने के लिए एक मुहीम छेड़ दी है। गौरैया और अन्य पक्षियों के संरक्षण के लिए हजारों मिट्टी के घोसले निशुल्क वितरित करने के बाद अब उनकी टीम युद्ध स्तर पर सीड बाल निर्माण कार्य में जुट गई है। आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए लाखों की संख्या में सीड बाल तैयार किए जा रहे हैं ताकि बंजर भूमि, वनांचल क्षेत्र और सूखे इलाकों में हवाई छिड़काव अथवा मैन्युअल तरीके से पौधारोपन किया जा सके। इस अभियान में स्थानीय युवाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। युवा उत्साह के साथ बीज संग्रहण,मिट्टी मिश्रण और सीड बाल निर्माण के कार्य में लगे हुए है। इस अभियान के अंतर्गत पीपल, बरगद, नीम, गुलमोहर, जामुन जैसे छायादार एवं फलदार वृक्षों के बीजों का उपयोग किया जा रहा है जो पक्षियों के लिए आवास एवं भोजन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाते हैं। इस अभियान में प्रमुख रूप से अशोक जंघेल, स्वाति गंधर्व, अर्चना शर्मा, परविंदर कौर, ब्रजेश्वरी रावटे, संध्या कुशल, डॉ. आशीष नायक, लोकेश सिन्हा, उमेश कुमार दीवान, योगेश्वर साहू, पुष्कर राणा, युगान्त चक्रधारी, कन्हैया यादव, योगेश सिन्हा के साथ-साथ स्कूली बच्चे एवं ग्रामीण जन श्रमदान कर सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। उक्त जानकारी सचिव भुवनेश्वर मरकाम एवं मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने दी है।



### चारधाम यात्रा में निकले राजिम क्षेत्र के श्रद्धालु, किए यमुनोत्री धाम के दर्शन

**सुरसाबांधा।** चारधाम यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं का जत्था इन दिनों देवभूमि उत्तराखंड की पावन यात्रा पर है। श्रद्धालुओं ने अपनी यात्रा के प्रथम पड़ाव में पवित्र यमुनोत्री धाम पहुंचकर मां यमुना के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस धार्मिक यात्रा में भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य छत्तीसगढ़ वीरेंद्र साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मछुआरा प्रकोष्ठ मदन निषाद, महेश्वर साहू एवं हेमंत साहू सहित अन्य श्रद्धालु शामिल हैं। सभी श्रद्धालु उत्साह और भक्ति भाव के साथ चारधाम यात्रा कर रहे हैं। श्रद्धालुओं ने बताया कि यमुनोत्री धाम तक पहुंचने के लिए जानकीचट्टी से लगभग 6 किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा करनी पड़ती है। यह मार्ग बेहद खड़ी और चुनौतीपूर्ण चढ़ाई वाला माना जाता है, जहां श्रद्धालुओं को ऊंचे पहाड़, संकरे रास्ते और बदलते मौसम का सामना करना पड़ता है। बावजूद इसके श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। जय मां यमुना और हर हर महादेव के जयकारों के साथ श्रद्धालु लगातार आगे बढ़ते रहे। भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वीरेंद्र साहू ने कहा कि चारधाम यात्रा केवल धार्मिक यात्रा नहीं बल्कि आत्मिक शांति और सनातन संस्कृति से जुड़ने का एक दिव्य अवसर है। यमुनोत्री धाम की कठिन चढ़ाई के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था उन्हें निरंतर आगे बढ़ने की शक्ति देती है। मां यमुना के दर्शन कर मन को अद्भुत शांति और सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति हुई है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### केडीआमा-रमनपुर में इंद्रजीत महाडिक का स्वागत

**छुरा।** केडीआमा-रमनपुर गांव ने 2026 में अपना 20वां स्थापना दिवस ऐतिहासिक अंदाज में मनाया। 2006 में पुनर्वास के तहत बसे इस गाँव ने दो दशक पूरे होने पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सामूहिक भोज और लोक परंपराओं के साथ जश्न मनाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ के इतिहास में सबसे कम उम्र के जिला पंचायत सदस्य बनने वाले इंद्रजीत महाडिक का आगमन और ग्रामीणों द्वारा किया गया जोरदार स्वागत-सम्मान रहा। गाँव के प्रमुख दीनदयाल विश्वकर्मा ने बताया कि महाडिक परिवार का इस क्षेत्र से पुराना नाता है। उनके परदादा स्व. रायबहादुर महाडिक 84 गाँवों के जमींदार थे, जिसमें केडीआमा-रमनपुर भी शामिल था। उनके पूर्वज समय-समय पर यहाँ आते-जाते रहते थे। करीब 100 साल तक यह इलाका वीरान रहा, लेकिन 2006 में पुनर्वास के बाद गाँव फिर से बस गया। अब नवरात्रि जैसे पावन अवसरों पर महाडिक परिवार के सदस्य आकर ग्रामीणों से जुड़ते हैं। दीनदयाल विश्वकर्मा ने कहा, "नवरात्रि के पावन अवसर पर इंद्रजीत महाडिक जी अपने पूर्वजों की कड़ी को जोड़ते हुए हमारे इस छोटे से गाँव को खुशहाल देखने पहुँचते हैं।

### शिक्षक संघ ने संयुक्त संचालक को सौंपा ज्ञापन



**राजिम।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने संघ के प्रांतीय प्रवक्ता एवं रायपुर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा,के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने रायपुर संभाग के शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक श्रीवास्तव जी को विभिन्न मांगों के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा ,ज्ञापन में संघ ने कहा कि सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठकों के ना मांग ना जांच समय सीमा में जारी करने तथा शिक्षकों के परीक्षा अनुमति आदेश पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक के पदोन्नति आदेश जारी करने तथा सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों के समस्त देयकों का भुगतान सेवानिवृत्ति तिथि पर ही करने हेतु अपने अधीनस्थ समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करने हेतु ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर संगठन के संभाग अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा, संघ के धरसीवां ब्लॉक के संरक्षण अवध राम वर्मा फिंगेश्वर ब्लॉक के सचिव आत्माराम साहू, तथा रूपलाल साहू, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### साइकिल चलाने का दिया संदेश

**महासमुंद।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेट्रोल-डीजल बचाने के लिए लोगों को अपील की है। मुकेश चंद्राकर ने कहा कि 40 साल पहले लोगों ने साइकिल चलते थे और भारत देश में पेट्रोल और डीजल बचाने का संदेश दिया है। लोगों को साइकिल चलाने के लिए जागरूक किया। मुकेश ने अपनी साइकिल पर सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को यह संदेश दिया है।

**समस्या :** हाइवा, ट्रक और ट्रैक्टर यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे

# बेलगाम वाहनों और प्रेसर हॉर्न के खौफ के साए में जीने को मजबूर शहरवासी, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर की सड़कों पर इन दिनों तेज रफ्तार वाहनों और कर्कश प्रेसर हार्न का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि आम नागरिक सड़क पर निकलने से डरने लगे हैं। शहर के भीतर से गुजरने वाले भारी वाहन, हाइवा, ट्रक, डंपर और तेज रफ्तार ट्रैक्टर मानों यातायात नियमों को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि ये वाहन चालक शहर के संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी गति कम नहीं करते और लगातार कान फाड़ देने वाले प्रेसर हार्न बजाकर लोगों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। सुबह से लेकर देर रात तक शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, बस स्टैंड, बाजार क्षेत्र, स्कूलों और अस्पतालों के आसपास इन भारी वाहनों का आतंक साफ देखा जा सकता है।

सड़क पर पैदल चल रहे बुजुर्ग, महिलाएं और छोटे बच्चे हर समय दुर्घटना की आशंका के बीच जीवन जीने को मजबूर हैं। तेज रफ्तार से गुजरते वाहन धूल उड़ाते हुए निकल जाते हैं और पीछे छोड़ जाते हैं भय और दहशत का माहौल। नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू का कहना है कि शहर के भीतर प्रेसर हार्न का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित होना चाहिए, लेकिन नियम सिर्फ कागजों तक सीमित दिखाई दे रहे हैं। भारी वाहन चालक बेखौफ होकर लगातार कर्कश हार्न बजाते हैं, जिससे बुजुर्गों, मरीजों, विद्यार्थियों और छोटे बच्चों को भारी परेशानी होती है। कई बार अचानक तेज आवाज सुनकर बाइक सवार और पैदल लोग घबरा जाते हैं, जिससे दुर्घटना होने का खतरा और बढ़ जाता है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सौरभ शर्मा का आरोप है कि पुलिस थाना शहर से दूर होने और लगातार निगरानी नहीं रहने के कारण वाहन चालकों में कानून का कोई भय नहीं बचा है। यही वजह है कि दिन-ब-दिन इनकी मनमानी बढ़ती जा रही है।





**सेहत पर भी भारी पड़ रहा है ध्वनि प्रदूषण**

लगातार तेज आवाज सुनने से बुजुर्गों और हृदय रोगियों को परेशानी होती है। वहीं स्कूली बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। शहरवासियों ने प्रशासन और पुलिस विभाग से मांग की है कि शहर के भीतर भारी वाहनों की एंट्री के लिए समय निर्धारित किया जाए, मुख्य चौक-चौराहों पर नियमित यातायात जांच अभियान चलाया जाए और तेज रफ्तार तथा प्रेसर हार्न बजाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए। लोगों ने यह भी मांग की है कि शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में स्पीड ब्रेकर, सीसीटीवी कैमरे और ट्रैफिक पुलिस की स्थायी व्यवस्था की जाए ताकि वाहन चालकों में कानून का भय बना रहे। यदि समय रहते प्रशासन नहीं जागा तो यह बेलगाम रफ्तार किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। शहर की शांति, सुरक्षा और आम जनता की जिंदगी बचाने के लिए अब सिर्फ चेतावनी नहीं बल्कि कठोर कार्रवाई की जरूरत महसूस की जा रही है।

**व्यापार प्रभावित, सामाजिक संगठनों ने जताई गहरी चिंता-** शहर के भीतर ओवरस्पीडिंग, गलत दिशा में वाहन चलाना, बीच सड़क में हार्न बजाना और बिना रोकटोक भारी वाहनों की आवाजाही अब आम बात बन चुकी है। सालासार हनुमान चालीसा समिति,व्यापारियों और सामाजिक संगठनों ने भी इस समस्या पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही इस पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों में लोग खरीदारी करने तक से डरने लगे हैं। चौधरी इंटरप्राइजेस के संचालक रमेश चौधरी का कहना है कि कई बार तेज रफ्तार ट्रक और हाइवा इतनी तेजी से निकलते हैं कि सड़क किनारे खड़े लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिलता। कांग्रेस और भाजपा दोनो दलो के स्थानीय नेताओं का मानना है कि प्रेसर हार्न केवल ध्वनि प्रदूषण ही नहीं फैलाते बल्कि मानसिक तनाव और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का भी कारण बनते हैं।

## फुलझर में अवैध महुआ शराब की बिक्री, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा-बेलर

गरियाबंद जिले के थाना फिंगेश्वर,विख छुरा क्षेत्र अंतर्गत समीपस्थ ग्राम फुलझर में अवैध महुआ शराब बिक्री का कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। गांव के युवाओं, क्षेत्र के मानव अधिकार आयोग से जुड़े एक कार्यकर्ता ने कलेक्टर गरियाबंद को लिखित शिकायत सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। शिकायत आवेदन में बताया गया है कि ग्राम फुलझर के सड़क पारा, बाजार चौक, कमार पारा, बावापारा तथा खदराही सहित कई स्थानों पर खुलेआम कच्ची महुआ शराब की बिक्री की जा रही है। आरोप है कि खदराही क्षेत्र में मिनी भट्ठी की तरह भारी मात्रा में शराब का स्टॉक रखा जाता है, जहां से आसपास के लोग थोक में खरीदकर ले जाते हैं। आवेदन में लिखे अनुसार शराब बेचने वाले ग्राहक की तलाश में गांव की गलियों और सड़कों पर घूमते देखे जा सकते हैं। गांव में जगह-जगह खाली पाउच, प्लास्टिक डिस्पोजल गिलास और शराब की बोतलें बिखरी पड़ी रहती हैं, जिससे माहौल दूषित हो रहा है। देर रात तक बाहरी लोगों की आवाजाही से गांव में किसी भी अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि महुआ शराब की अत्यधिक मांग के चलते कुछ लोग कथित रूप से केमिकल युक्त शराब भी बेच रहे हैं। ऐसी शराब जल्दी नशा करती है, जिसे लोग बेहतर गुणवत्ता समझ लेते हैं, जबकि यह स्वास्थ्य और जीवन के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकती है। आरोप लगाया कि कुछ मामलों में पुलिस द्वारा पकड़े जाने के बाद भी आरोपियों पर ठोस कार्रवाई नहीं होने से उनके हौसले बुलंद हैं। कई आरोपी कुछ दिनों बाद जेल से छूटकर फिर से अवैध शराब के कारोबार में सक्रिय हो जाते हैं। आवेदनकर्ताओं ने कलेक्टर से गांव में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने, दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने तथा लगातार निगरानी अभियान चलाने की मांग की है।



## मानसून से पहले जागा प्रशासन, सदर रोड में स्लैब तोड़कर निकाली गई नालियों की गाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



नगर पालिका परिषद द्वारा बारिश पूर्व नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर के हृदय स्थल माने जाने वाले सदर रोड स्थित वार्ड क्रमांक 5 में नालियों की व्यापक सफाई की गई। बरसात के मौसम में जलभराव और गंदगी की समस्या से बचाव के उद्देश्य से यह अभियान संचालित किया जा रहा है। पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ,सीएमओ लवकेश पैकरा एवं सफाई सभापति सहदेव कंसारी के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान के तहत सफाई कर्मियों ने नालियों में जमे कचरे और गाद को बाहर निकाला। सफाई के दौरान बड़ी मात्रा में झिल्ली प्लास्टिक, डिस्पोजल सामग्री तथा अन्य अपशिष्ट पदार्थ मिले, जिन्हें दुकानदारों और आसपास के लोगों द्वारा नालियों में फेंक दिया गया था। इससे नालियों का बहाव बाधित हो रहा था और बारिश के समय जलभराव की आशंका बनी हुई थी। पालिका के सफाई सभापति सहदेव कंसारी ने बताया कि नाली पेक होने के कारण काफी समय से नाली की सफाई नही हुई थी। जिसका स्लैब तोड़कर सफाई की गई। पालिका के सफाई कर्मचारियों ने मेहनतपूर्वक नालियों की सफाई कर मार्ग को स्वच्छ बनाने का कार्य किया। सफाई अभियान में सफाई सुपरवाइजर निर्मल कुमार नायक, दिनेश कुमार साहू, तीजू राम साहू सहित अन्य सफाई कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। पालिका प्रशासन ने नगरवासियों और व्यापारियों से अपील की है कि वे कचरा नालियों में न डालें तथा नगर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें। प्रशासन का कहना है कि यदि नागरिक जागरूक रहेंगे तो बारिश के दौरान जलभराव जैसी समस्याओं से काफी हद तक बचा जा सकेगा।

## बेलटुकरी में जल जीवन मिशन की पेयजल योजना का निरीक्षण, ग्रामीणों से ली फीडबैक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम तहसील के ग्राम बेलटुकरी में राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के मिशन संचालक के.के. सोन तथा एरिया ऑफिसर उमेश भारद्वाज द्वारा पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने गांव में संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं योजनाओं का जायजा लेते हुए ग्रामीणों से सीधे संवाद कर योजना के लाभों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घर-घर जाकर एफएचटीसी (फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन) का अवलोकन किया तथा हितग्राहियों से चर्चा कर जल आपूर्ति की स्थिति और योजना से हुए लाभ के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जल बंधन कार्यक्रम एवं जलप्रदाय व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों की सहभागिता देखने को मिली। इस अवसर पर जल बहिनी समूह द्वारा वाटर टेस्टिंग प्रक्रिया का प्रदर्शन भी किया गया, जिसका अधिकारियों ने अवलोकन कर सराहना की। ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के माध्यम से उन्हें स्वच्छ एवं नियमित पेयजल उपलब्ध हो रहा है, जिससे दैनिक जीवन में काफी सुविधा हुई है। इस दौरान कलेक्टर बी.एस. उईके, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, अतिरिक्त मिशन संचालक ओंकेश चंद्रवंशी, अधीक्षण अभियंता समीर गौड़ सहित अन्य विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सरपंच, सचिव एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## मानिकचौरी में पैठू तालाब को संवारने लगे ग्रामवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत ग्राम पंचायत मानिकचौरी में पैठू तालाब का गहरीकरण एवं पचरी निर्माण कार्य जोर-शोर से जारी है। इस कार्य में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल रहा है, जिससे गांव में उत्साह का माहौल है। तालाब के गहरीकरण से वर्षा जल का अधिक संचयन होगा, जिससे आने वाले समय में पेयजल, मछली पालन तथा सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध रहेगा। वहीं पचरी निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा तालाब की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। ग्राम पंचायत के अनुसार, यह कार्य जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। तालाब का सौंदर्यीकरण होने से गांव का प्राकृतिक वातावरण बेहतर होगा और भूजल स्तर बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। ग्रामीणों ने बताया कि मनरेगा के माध्यम से उन्हें गांव में ही रोजगार मिलने से पलायन पर रोक लगी है और आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। ग्राम पंचायत सरपंच हेमलता साहू ने कहा कि कार्य पूर्ण होने के बाद यह तालाब ग्राम विकास और जल संरक्षण का आदर्श उदाहरण बनेगा। साथ ही गांव की गंदा पानी तालाब में गिरता है उसके निदान हेतु उच्च कार्यालय से मांग की।

**पीरियड्स पर मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू**

# पीरियड पर चुप्पी नहीं, जागरूकता और संवाद जरूरी : डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

स्वच्छता प्रबंधन के अंतर्गत तारुण्य वार्ता हैशटैग पीरियड्स पर मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम यूनिसेफ और भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के तत्वावधान में श्री बालाजी विद्या मंदिर में मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण प्राप्त करने राज्य के प्रत्येक जिलों से तीन-तीन भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला संगठन आयुक्त एवं लीडर्स पहुंचे। जिसमें गरियाबंद जिले से आशीष साहू जिला संगठन आयुक्त स्काउट, सीमा साहू जिला संगठन ,अंजू डेकर जिला प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स शामिल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डा. वर्णिका शर्मा ने की इस अवसर पर उन्होने कहा कि पियरेड पर चुप्पी नहीं, जागरूकता और संवाद की आवश्यकता है। हर बेटी को सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक पियरेड प्रबंधन का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने यूनिसेफ और भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा प्रारंभ किए गए अभियान की प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत खालसा ने कहा कि यूनिसेफ के साथ शुरू की गई पियरेड स्वच्छता प्रबंधन की इस मुहिम को पूरे छत्तीसगढ़ में हर वर्ग तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 28 मई को अभियान का समापन मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में होगा। यूनिसेफ की छत्तीसगढ़ हेड सीमा कुमार ने कहा कि यह गर्व की बात है कि आज हम लड़कियों की गरिमा, समानता और स्वास्थ्य सुरक्षा का अभियान शुरू कर रहे हैं। यह बालिकाओं के सशक्तिकरण का भी अभियान है। उन्होंने कहा कि यह अभियान पियरेड के मिथकों और अनावश्यक पाबंदियों को तोड़ने का काम करेगा। यह अभियान लड़कियों तक ही सीमित नहीं रहेगा, यह लड़कों को भी पियरेड के प्रति जागरूक करेगा और उनकी समझ को बढ़ाएगा तथा झिझक को दूर करेगा। सीमा कुमार ने पियरेड स्वच्छता प्रबंधन जैसे विषय को स्कूलों के पीटीएम के माध्यम से अभिभावकों तक पहुंचाने की मांग रखी। यूनिसेफ के व्यवहार परिवर्तन स्पेशलिस्ट अभिषेक सिंह ने अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस अभियान से पियरेड को लेकर किशोरों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता में वृद्धि होगी।



**झिझक भी दूर करेगा यह अभियान**

पियरेड स्वच्छता व्यवहार में सुधार आएगा और इस विषय पर बात करने की झिझक दूर होगी तथा भ्रांतियों में कमी आएगी। कहा कि यह अभियान बालिकाओं के सशक्तिकरण पर भी जोर देगा। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान यूनिसेफ की बाल संरक्षण विशेषज्ञ चेतना देसाई, वाश स्पेशलिस्ट श्वेता पटनायक, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राष्ट्रीय मुख्यालय आयुक्त जी स्वामी, राज्य मुख्यालय आयुक्त रविश गुप्ता, स्टेट कोऑडिनेटर मेंबरशिप ग्रोथ मोहम्मद सादिक शेख भी मंचासीन रहे। शुभारंभ कार्यक्रम का संचालन राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) पूनम सिंह साहू ने किया तथा आभार राज्य संयुक्त सचिव बीना यादव द्वारा किया गया। शुभारंभ के दौरान भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) सरिता पाण्डेय, राज्य संगठन आयुक्त द्वय अमित क्षत्रिय, जलवती साहू सहित अन्य की उपस्थिति रही।

